भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *245**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण**

*245. श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:

श्री संजय हरिभाऊ जाधवः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2024 में पूरा करने के लिए देश भर में अनेक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं की पहचान की गई है,

(ख) यदि हां, तो देश में, विशेषतः महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार कितनी लंबित परियोजनाएं पूरी की जानी हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में राज्य-वार और परियोजना वार कितने राष्ट्रीय राजमार्गो का निर्माण किया गया;

(घ) किन-किन राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में भूमि अधिग्रहण की समस्या आ रही है;

(ङ) इस समस्या का समाधान किस प्रकार किया जाएगा;

(च) क्या सरकार संबंधित राज्यों के परामर्श से देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए नियमित रूप से निगरानी कर रही है; और

(छ) यदि हां, तो विगत वर्ष के दौरान संबंधित राज्यों के साथ राज्य-वार कितनी बैठकें हुई?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (छ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

**"राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण"** के संबंध में श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर एवं श्री संजय हरिभाऊ जाधव द्वारा पूछे गए दिनांक 12 दिसंबर 2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *245 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय लंबाई के संदर्भ में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के निर्माण के लिए लक्ष्य निर्धारित करता है, और प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए समग्र आधार पर विभिन्न परियोजनाओं के तहत निर्मित लंबाई के संदर्भ में प्रगति की निगरानी करता है। वर्तमान में, चालू वित्त वर्ष के दौरान विभिन्न परियोजनाओं के तहत लगभग 10,400 किलोमीटर एनएच के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से कुछ परियोजनाओं को वित्तीय वर्ष के दौरान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार मंत्रालय के परियोजनाओं की संख्या, जिन्हें वर्तमान में वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, **अनुबंध-I** में दी गई है।

विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न परियोजनाओं के तहत निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) से (छ) विलंबित परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा, जहां देरी का एक कारण भूमि अधिग्रहण था, **अनुबंध-I** में दिया गया है। सरकार एनएच परियोजनाओं की पूर्णता को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों जैसे भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे, जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण, मिट्टी/एग्रीगेट की अनुपलब्धता, पर्यावरण/वन/वन्यजीव मंजूरी, आरओबी एवं आरयूबी मुद्दे, संविदा संबंधी मुद्दे आदि पर राज्य सरकारों और अन्य केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों सहित सभी हितधारकों के साथ बारीकी से नजर रखता है। मुद्दों की गंभीरता के आधार पर आवश्यकतानुसार स्थानीय/जिला/राज्य स्तर पर संबंधित राज्य अधिकारियों के साथ दैनिक/साप्ताहिक/मासिक/त्रैमासिक आधार पर नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं।

**अनुबंध-I**

**'राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण' के संबंध में श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर एवं श्री संजय हरिभाऊ जाधव द्वारा दिनांक 12 दिसंबर 2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *245 के भाग (क) से (ग) और (घ) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

देश भर में वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक पूरी की जाने वाली परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या और वैसी विलंबित परियोजनाओं का विवरण, जहां देरी का एक कारण भूमि अधिग्रहण था।

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **परियोजनाओं की कुल संख्या** | **परियोजनाएँ जहाँ भूमि अधिग्रहण की समस्या के कारण देरी हुई** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 32 | 14 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 9 | 0 |
| 3 | असम | 19 | 3 |
| 4 | बिहार | 32 | 14 |
| 5 | छत्तीसगढ | 21 | 2 |
| 6 | गोवा | 14 | |
| 7 | गुजरात | 22 | 9 |
| 8 | हरियाणा | 8 | 1 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 18 | 0 |
| 10 | झारखंड | 6 | 3 |
| 11 | कर्नाटक | 14 | 7 |
| 12 | केरल | 6 | |
| 13 | मध्य प्रदेश | 22 | 7 |
| 14 | महाराष्ट्र | 69 | 25 |
| 15 | मणिपुर | 13 | 8 |
| 16 | मेघालय | 10 | 1 |
| 17 | मिजोरम | 10 | 8 |
| 18 | नागालैंड | 10 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 23 | 12 |
| 20 | पंजाब | 9 | 6 |
| 21 | राजस्थान | 21 | 9 |
| 22 | सिक्किम | 3 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 21 | 8 |
| 24 | तेलंगाना | 26 | 11 |
| 25 | त्रिपुरा | 4 | 4 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 42 | 14 |
| 27 | उत्तराखंड | 25 | 4 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 16 | 9 |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | 23 | 9 |
| | **कुल** | **548** | **188** |

**अनुबंध-II**

**'राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण' के संबंध में श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर एवं श्री संजय हरिभाऊ जाधव द्वारा दिनांक 12 दिसंबर 2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *245 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न परियोजनाओं के तहत निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई (किमी) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2023-24 | 2022-23 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 11 | 25 | 39 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 799 | 438 | 347 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 262 | 320 | 206 |
| 4 | असम | 272 | 310 | 318 |
| 5 | बिहार | 497 | 488 | 576 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 251 | 243 | 320 |
| 8 | दादरा नगर हवेली | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दमन और दीव | 0 | 0 | 0 |
| 10 | दिल्ली | 53 | 43 | 5 |
| 11 | गोवा | 11 | 16 | 65 |
| 12 | गुजरात | 622 | 658 | 249 |
| 13 | हरियाणा | 300 | 358 | 290 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 251 | 139 | 146 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 243 | 217 | 263 |
| 16 | झारखंड | 248 | 245 | 298 |
| 17 | कर्नाटक | 741 | 393 | 419 |
| 18 | केरल | 282 | 171 | 76 |
| 19 | लद्दाख | 81 | 51 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 792 | 667 | 871 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1463 | 1087 | 1534 |
| 22 | मणिपुर | 202 | 269 | 221 |
| 23 | मेघालय | 162 | 98 | 26 |
| 24 | मिजोरम | 209 | 205 | 239 |
| 25 | नागालैंड | 159 | 236 | 254 |
| 26 | ओडिशा | 357 | 410 | 544 |
| 27 | पुदुचेरी | 11 | 0 | 0 |
| 28 | पंजाब | 409 | 274 | 150 |
| 29 | राजस्थान | 868 | 715 | 722 |
| 30 | सिक्किम | 78 | 49 | 45 |
| 31 | तमिलनाडु | 814 | 690 | 470 |
| 32 | तेलंगाना | 513 | 172 | 236 |
| 33 | त्रिपुरा | 47 | 204 | 181 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 939 | 642 | 824 |
| 35 | उत्तराखंड | 216 | 219 | 354 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 190 | 284 | 169 |

******